# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 132/भण्डार/2020 भोपाल, दिनांक 21-12-2020

.....

## विश्वविद्यालय परिसर की साफ–सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंधन हेतु ई–निविदा वर्ष 2020 (ICALL)

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के परिसर की साफ सफाई एवं अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था–2020 हेतु आन–लाइन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट mptenders.gov.in पर लाग–आन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5,000=00 (रू. पांच हजार मात्र) तथा सुरक्षा निधि रूपये 1,20,000=00 (रू. एक लाख बीस हजार मात्र) है। इसे आन–लाइन जमा किया जाना है । निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 60,00,000=00(रू. साठ लाख मात्र) है।

निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है:-

| सं.क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 22-12-2020 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Document Download / Sale Start Date | 22-12-2020 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 22-12-2020 | |
| 04 | Document Download/Sale End date | 12-01-2021 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 12-01-2021 | |
| 06 | Bid Opening Date | 13-01-2021 | |

निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब–साइट www.bubhopal.ac.in पर भी उपलब्ध है।

प्रकाशन पश्चात निविदा में अथवा निविदा खोलने की तिथियों में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी उपरोक्त दोनों वेब–साइटों पर दी जाएगी।

कुलसचिव

भण्डार अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

परिसर की साफ-सफाईएवं अपशिष्ट प्रबंधन हेतु निविदा (वर्ष-2020)

## भाग – 1
## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे निविदा प्रपत्र भरने / प्रस्तुत करने के पूर्व निविदा से संबंधित समस्त अर्हतायें, शर्ते एवं कार्य से संबंधित प्रक्रिया के बारे में दिये गये विवरणों को सावधानी पूर्वक पढ़ ले एवं विश्वविद्यालय परिसर में सम्पूर्ण कार्यस्थल का भ्रमण कर कार्य के संबंध में समस्त जानकारी स्पष्ट प्राप्त कर ले।

1.2 निविदा के संबंध में किसी स्पष्टीकरण एवं शंका समाधान के लिए कार्यालयीन समय में विश्वविद्यालय यंत्री से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

1.3 <u>कार्य का परिचयः</u>–साफ–सफाई व्यवस्था में परिसर की सड़कों, विभिन्न विभागीय / कार्यालय / छात्रावास भवनों के कक्षों, छतों, सुविधा घरों, परिसर आदि की धुलाई, सफाई, झाडू–पोछा, फर्नीचर की धूल साफ करना, पंखों की धूल साफ करना, दरवाजे, खिड़की की सफाई करना, जाले एवं काई साफ करना, बगीचे व मैदान की घास और झाड़ियों की कटाई–सफाई, पानी की टंकियों, कुंए आदि की सफाई, परिसर में मृत जानवरों या पक्षियों के निष्पादन के साथ–साथ विभिन्न स्थानों से कचरा एकत्रित कर, निर्दिष्ट स्थान तक कचरे का निष्पादन (स्वयं के वाहन द्वारा), आवश्यकतानुसार सेनेटाईजेशन का कार्य एवं समय–समय पर निर्देशित अन्य कार्य भी सम्मिलित है। गुणवत्तायुक्त कार्य के लिए मशीनों (Vaccume cleaner, Sprayer, sanitization, grass cutter, branch cutter, pressure wash etc.) का उपयोग भी आवश्यक है। आवासीय भवनों (कुलपति, कुलसचिव निवास के अतिरिक्त) के अंदर की सफाई इसमें सम्मिलित नहीं है। सफाई हेतु आवश्यक सामग्री, उपकरण, मशीनों के साथ सफाई कर्मियों की वर्दी, सुरक्षा, परिवहन, आवास, भोजन, बीमा आदि की व्यवस्था करना भी एजेन्सी का ही दायित्व होगा। अस्थायी रूप से सीमित अवधि के लिए दैनिक आधार पर भी सफाई कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना अनिवार्य है।

1.4 <u>कार्य का स्थान परिचयः–</u> बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, होशंगाबाद मार्ग (एन.एच.–12) पर स्थित है। इस परिसर में प्रशासनिक भवन, विभिन्न शैक्षणिक भवन,छात्रावास, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारियों के आवास गृह, अतिथि गृह, ज्ञान विज्ञान भवन, खेल परिसर, केन्द्रीय पुस्तकालय, स्वास्थ्य केन्द्र एवं अन्य भवन आदि हैं । इन सभी भवनों के अंदर (सुविधा घरों सहित) एवं बाहर (बगीचे आदि सहित) के साथ विश्वविद्यालय परिसर के अन्य स्थानों (खेल मैदान आदि) सहित अन्य निर्देशित स्थानों की साफ-सफाई हेतु कम से कम 1 सुपरवाईजर, 50 सफाई कर्मियों (पुरूष एवं महिला) की सेवाओं के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। इस संख्या में आवश्यकतानुसार कमी या वृद्धि हो सकती है।

अनुभाग अधिकारी (भ.प्र.)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

| सं0क0 | पदनाम | न्यूनतम मासिक देयता नियम करने का आधार |
|---|---|---|
| 01 | सफाई सुपरवाईजर | कुशलकर्मी, श्रमायुक्त द्वारा समय-समय पर निर्धारित वेतन |
| 02 | सफाईकर्मी पुरूष / महिला | अकुशलकर्मी, श्रमायुक्त द्वारा समय-समय पर निर्धारित वेतन |
| | सफाईकर्मी पुरूष / महिला | अर्द्धकुशल |

1.5 परिसर की सफाई व्यवस्था हेतु ई-निविदा को वेब-साईट mptenders.gov.in पर आन-लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना हैं। निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब साइट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है। निविदा में अथवा निविदा खोलने की तिथि में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जावेगी। निविदा का प्रतिवर्ष अनुमानित मूल्य रू. 60,00,000=00 (रू. साठ लाख मात्र) है।

1.6 निविदा आन-लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है:-

| सं.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 22-12-2020 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.inपर दर्शित है। |
| 02 | Document Download / Sale Start Date | 22-12-2020 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 22-12-2020 | |
| 04 | Document Download/Sale End date | 12-01-2021 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 12-01-2021 | |
| 06 | Bid Opening Date | 13-01-2021 | |

1.7 अपरिहार्य कारणों से निविदा निर्धारित तिथि एवं समय पर खोली नही जा सकी तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर खोली जाएगी।

1.8 निविदा की प्रक्रिया निम्नानुसार है:-

चरण-1: निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5,000=00 (रूपये पॉच हजार मात्र) है तथा सुरक्षा निधि रूपये 1,20,000=00 (रूपये एक लाख बीस हजार मात्र) है। इन्हें आन-लाईन निविदा के साथ जमा किया जाना है। जमा की दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना है। निविदा के साथ चेक लिस्ट संलग्न करना आवश्यक है। जिसमें निविदा के साथ संलग्न किये जा रहे प्रपत्रों की पृष्ठ संख्या अंकित हो।

उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं सुरक्षानिधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को चरण-2 के लिए योग्य माना जायेगा।



अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**<u>चरण–2</u>**: उपरोक्त चरण–1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही तकनीकी निविदा खोली जावेगी। निविदा के भाग–2 में दर्शित प्रपत्र / दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने हैं। उपरोक्त प्रक्रिया में योग्य पाये जानेवाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

**<u>चरण–3</u>** :तत्पश्चात उपरोक्त चरण 2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को भी आन–लाइन ही प्रस्तुत किया जाना है।

## भाग – 2
## निविदा की अर्हकारी शर्तें

सफाई व्यवस्था हेतु निविदा प्रस्तुत करने के लिए पात्रता की शर्तें निम्नांकित है जिनके अभाव में निविदा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा (निविदाकार को एजेन्सी कहा गया है):-

2.1 <u>निम्नांकित अभिलेख अनिवार्यतः संलग्न करें</u>:-

A वर्तमान में एजेन्सी में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी <u>प्रपत्र-1</u> में ।

B ऐजेन्सीको <u>प्रपत्र-2</u> अनुसार एजेन्सी की जानकारी तथा घोषणा पत्र ।

C एजेन्सी किसी भी शासकीय संस्था, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक उपक्रम, सहकारी संघ से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं हैं, इस आशय का मूल शपथ पत्र रू0 1000=00 (रू. एक हजार मात्र) के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित) एजेन्सी को प्रपत्र-3 अनुसार।

D श्रम विभाग का जीवित पंजीयन पत्र ।

E म0प्र0 स्थापना पंजीयन अधिनियम 1958 अथवा कम्पनी अधिनियम 1956 का जीवित पंजीयन पत्र ।

F कर्मचारी भविष्य निधि (EPF) कार्यालय का जीवित पंजीयन पत्र ।

G कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) का जीवित पंजीयन पत्र ।

H जी.एस.टी. (GST) पंजीयन पत्र।

I एजेन्सी के नाम से जारी PANCARD (आयकर) ।

J एजेन्सी के इनकम टैक्स के पिछले तीन <u>असेसमेन्ट वर्ष</u> (2019-20, 2018-19, 2017-18) का इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) की छाया प्रति ।

K न्यूनतम 150 सफाई कर्मियों के ई.पी.एफ कटोत्री का प्रमाण पत्र (विगत छः माह) की छाया प्रति।

L न्यूनतम 150 सफाई कर्मियों के ई.एस.आई.सी कटेग्री का प्रमाण पत्र (विगत छः माह) की छाया प्रति।

M जी.एस.टी. राशि जमा के चालान की प्रति ।

N न्यूनतम 150 श्रमिकों से कार्य कराने का जीवित लेबर लायसेन्स ।

O पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2019-20, 2018-19, 2017-18) का साफ–सफाई व्यवस्था के कार्य का सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति । विगत 3 वर्षो में किसी एक वर्ष में विश्वविद्यालय, शासकीय विभाग, अर्द्धशासकीय विभाग, सार्वजनिक उपक्रम, सहकारी संघ आदि में कम से कम 150 सफाई कर्मियों से सफाई कार्य कराने का अनुभव एवं कार्यादेश संलग्न करना अनिवार्य हैं। प्रपत्र–4 भी संलग्न करें।

P विगत 3 वित्त वर्षो ( 2019-20, 2018-19, 2017-18) का औसत टर्न ओव्हर रू. 1=00 करोड़ होने संबंधी चार्टेड एकाउन्टेन्ट का प्रमाण पत्र संलग्न प्रपत्र–5 में ।

Q अंकेक्षित लेखेएवं बेलेन्सशीट (चार्टेड एकाउन्टेन्स से सत्यापित) की प्रति ।

R सफाई ऐजेन्सी के विरूद्ध कोई अपराधिक प्रकरण लंबित नहीं होने एवं उसे किसी अपराधिक मामले में किसी सक्षम न्यायालय द्वारा सीधे दोषी नहीं ठहराये जाने विषयक शपथ पत्र। प्रपत्र–3

S पुलिस विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण – पत्र प्रपत्र–3

T श्रम कानून के अंतर्गत न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने के संबंध में घोषणा पत्र प्रपत्र–6 के अनुसार ।

2.2 निविदा जारी होने की तिथि के बाद रू. 25-00 लाख की बैंक सालवेन्सी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं।

2.3 संयुक्त उद्यम होने की स्थिति में अनुबन्ध की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें।

2.4 ऐजेन्सी द्वारा समय–समय पर कार्यालय कलेक्टर जिला–भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा दैनिक वेतनभोगी, श्रमिकों एवं कर्मचारियों हेतु जारी किए गए आदेशों में उल्लेखित दरों के अनुसार ही सफाईकर्मी(अकुशल/अर्द्धकुशल श्रेणी) एवं सुपरवाईजरों (कुशल श्रेणी) अनुसार भुगतान किया जावेगा।

किसी भी स्थिति में सफाई कर्मियों को कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर से कम भुगतान नहीं किया जावेगा।

2.5 विश्वविद्यालय के द्वारा नियमानुसार देय /बन्धनकारी एवं तत्समय (सेवा प्रदान करने की अवधि में) लागू कलेक्टर दर, ई.पी.एफ., ई.एस.आई.सी, एवं अन्य वैधानिक करों यथा जी. एस.टी.,भुगतान एजेंसी को किया जावेगा। एजेंसी द्वारा प्रतिमाह के देयक के साथ पिछले माह जमा राशि की शासकीय रसीद अनिवार्यतः प्रस्तुत की जाएगी। विश्वविद्यालय तत्पश्चात विगत माह की प्रतिपूर्ति की जावेगी।

2.6 संलग्न दस्तावेजों का संबंधित विभाग से सत्यापन कराया जा सकेगा। दस्तावेजों में कोई विसंगति पाये जाने पर विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा एवं सुरक्षा निधि राजसात की जा सकेगी।

2.7 निविदा केवल विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र तथा निविदा की शर्तों के अनुसार ही स्वीकार की जावेगी। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रपत्रों को अनिवार्यतः निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा। निविदा प्रपत्र का वापसी योग्य नहीं है।

2.8 निविदा के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों पर पृष्ठ क्रमांक अंकित करना तथा अनुक्रमणिका में दस्तावेजों का पृष्ठ क्रमांक अंकित करना आवश्यक है।

2.9 सफाई ऐजेन्सी किसी सब ऐजेन्सी से कार्य नहीं करायगी।

**फर्म को निम्नांकित दस्तावेज स्केन कर ई–निविदा के साथ अपलोड करना है।**

| सं.क्र. | दस्तावेज का नाम जिसे निविदा के साथ अपलोड करना है तथा प्रत्येक दस्तावेज पर फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील लगी होना चाहिए | पृष्ठ क्रमांक | दस्तावेज संलग्न किए है। हॉ/नहीं |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5,000=00 (रूपये पॉच हजार मात्र) आन लाईन जमा की गई राशि । | | |
| 2 | सुरक्षा निधि रूपये 1,20,000=00 (रूपये एक लाखबीस हजार मात्र) आन लाईन जमा की गई राशि की रसीद । | | |
| 3 | प्रपत्र–1 (वर्तमान में एजेन्सी में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की जानकारी देना अनिवार्य है।) | | |
| 4 | प्रपत्र–2ऐजेन्सी को प्रपत्र–2 अनुसार एजेन्सी की जानकारी तथा घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। | | |
| 5 | प्रपत्र–3 एजेन्सी किसी भी शासकीय संस्था, अर्द्धशासकीय, | | |



भण्डार अधिकारी (.....)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

| | | | |
|---|---|---|---|
| | सार्वजनिक उपक्रम, सहकारी संघ से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं हैं, इस आशय श्रम विभाग का जीवित पंजीयन पत्र क्रमांक, दिनांक एवं वैधता की जानकारी (पंजीयन दस्तावेज की प्रति संलग्न करें)का मूल शपथ पत्र रू0 1000=00 (रू. एक हजार मात्र) के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित) एजेन्सी को **प्रपत्र–3** अनुसार प्रस्तुत करना होगा। इसके अभाव में निविदा मान्य नही की जावेगी। | | |
| 6 | श्रम विभाग का जीवित पंजीयन पत्र क्रमांक, दिनांक एवं वैधता की जानकारी (पंजीयन दस्तावेज की प्रति संलग्न करें | | |
| 7 | ऐजेन्सी के पास म0प्र0 स्थापना पंजीयन अधिनियम 1958 अथवा कम्पनी अधिनियम 1956 का जीवित पंजीयन पत्र संलग्न करना अनिवार्य हैं। | | |
| 8 | कर्मचारी भविष्य निधि (EPF) कार्यालय का जीवित पंजीयन पत्र संलग्न करें। | | |
| 9 | कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) का जीवित पंजीयन पत्र की प्रति संलग्न करें। | | |
| 10 | जी.एस.टी. पंजीयन (GST) दस्तावेज की प्रति संलग्न करें । | | |
| 11 | एजेन्सी के नाम से जारी PANCARD (आयकर) की प्रति संलग्न करें। | | |
| 12 | एजेन्सी के इनकम टैक्स के पिछले तीन **असेसमेन्ट वर्ष** (2019-20, 2018-19, 2017-18) का इनकम टैक्स रिटर्न (कर)की छाया प्रति संलग्न करें। | | |
| 13 | निविदा जारी होने की तिथि के बाद रू. 25 लाख की बैंक सालवेन्सी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है । | | |
| 14 | न्यूनतम 150 सफाई कर्मियों के ई.पी.एफ कटोत्रा का प्रमाण पत्र (विगत छः माह की) छाया प्रति संलग्न करें। | | |
| 15 | न्यूनतम 150 सफाई कर्मियों के ई.एस.आई.सी कटोत्री का प्रमाण पत्र (विगत छः माह) की छाया प्रति संलग्न करें। | | |
| 16 | जी.एस.टी. जमा के चालान की प्रति संलग्न करें। | | |
| 17 | न्यूनतम 150 श्रमिकों से कार्य कराने का जीवित लेबर लायसेन्स जो निविदा की तिथि के पूर्व का हो, की (छाया प्रति) | | |
| 18 | एजेन्सीको साफ–सफाई व्यवस्था के क्षेत्र में पिछले 03 वर्षो का अनुभव होना चाहिए। पिछले तीन वित्तीय वर्षो | | |



उपकुलसचिव अधिकारी
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (2019-20, 2018-19, 2017-18) का सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न करें। प्रपत्र–4 भी संलग्न करें । | | |
| 19 | विगत 3 वित्त वर्षो (2019-20, 2018-19, 2017-18) का औसत टर्न ओव्हर (केवल सफाई कार्य का) रू. 1=00 करोड़ होना अनिवार्य है। तत्संबंधी चार्टेड एकाउन्टेन्ट का प्रमाण पत्र संलग्न प्रपत्र–5 में तथा अंकेक्षित लेखे एवं बेलेन्सशीट (चार्टेड एकाउन्टेन्स से सत्यापित) संलग्न करें। | | |
| 20 | विगत 3 वर्षो में किसी एक वर्ष में विश्वविद्यालय, शासकीय विभाग, अर्द्धशासकीय विभाग, सार्वजनिक उपक्रम, सहकारी संघ आदि में कम से कम 150 सफाई कर्मियों से सफाई कार्य कराने का अनुभव एवं कार्यादेश संलग्न करना अनिवार्य है। | | |
| 21 | सफाई ऐजेन्सी के विरूद्ध कोई अपराधिक प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए साथ ही उसे किसी अपराधिक मामले में किसी सक्षम न्यायालय द्वारा सीधे दोषी नहीं ठहराया गया हो। शपथ पत्र संलग्न करें। प्रपत्र–3 | | |
| 22 | ऐजेन्सी के पास पुलिस विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण – पत्र प्रपत्र–3 | | |
| 23 | संयुक्त उद्यम होने की स्थिति में अनुबन्ध की प्रमाणित छाया प्रति । | | |
| 24 | एजेन्सी को प्रपत्र–6 के अनुसार श्रम कानून के अंतर्गत न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने के संबंध में घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। | | |

25. **विशेष** :– संलग्न किये गये समस्त प्रपत्रों की पेज संख्या सहित सूची (अनुक्रमणिका) लगाना अनिवार्य है।

## भाग – 3
## अन्य कार्य विवरण एवं सुरक्षा ऐजेन्सी के दायित्व

3.1 सफाई ऐजेन्सी को बिन्दु 1.3 एवं 1.4 के उल्लेख अनुसार आवश्यकतानुसार सफाईकर्मी उपलब्ध कराना होगा। विश्वविद्यालय को इनकी संख्या में कमी या वृद्धि करने का अधिकार होगा।

3.2 सफाई ऐजेन्सी को विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार स्थानों पर सफाई कार्य करना होगा।

3.3 सफाईकर्मी की ड्यूटी 8 घंटे किये जाने की जवाबदारी सफाई ऐजेन्सी की होगी ।

3.4 सफाईकर्मियों की निवास/वर्दी एवं अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था सफाई ऐजेन्सी को स्वयं करनी होगी। विश्वविद्यालय की ओरसे कोई निवास/वर्दी की व्यवस्था नहीं की जावेगी।

3.5 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष अनुबन्ध समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक है। आपात स्थिति में विश्वविद्यालय के पास कभी भी अनुबन्ध समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

3.6 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

3.7 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याजदेय नहीं होगा।

3.8 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

3.9 सफाई ऐजेन्सी को भुगतान प्रतिमाह उसके देयक के आधार पर कार्य का सत्यापन करने के उपरान्त किया जायेगा।

3.10 विश्वविद्यालय द्वारा एजेन्सी द्वारा प्रस्तुत बिल से आयकर की कटौति एवं जी.एस.टी. का भुगतान किया जावेगा। किन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं है कि जो टैक्स विश्वविद्यालय द्वारा एट सोर्सेस नहीं काटे गये है उनके दायित्व से निविदाकार मुक्त माना जावेगा।

3.11 जिन करों (जी.एस.टी., ई.पी.एफ., ई.एस.आई.) आदि की राशि विश्वविद्यालय से प्राप्त की जानी है, उनकी राशि जमा कर रसीद अगले माह के देयक के साथ प्रतिपूर्ति हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

3.12 सफाईकर्मी कार्य की अवधि में किसी प्रकार से दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सुरक्षा ऐजेन्सी की होगी।

3.13 सफाई व्यवस्था असंतोषजनक पाये जाने पर अथवा विश्वविद्यालय की चल एवं अचल संपत्ति का अनुबन्ध की अवधि में नुकसान होने पर ऐसे नुकसान के लिए भरपाई ऐजेन्सी द्वारा जमा धरोहर / सुरक्षा निधि को राज–सात कर तथा अन्य देयकों के भुगतान से कटौत्री की जावेगी।

3.14 निविदाकार तथा विश्वविद्यालय के मध्य कोई विवाद अथवा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा जो दोनो पक्षों को मान्य होगा।

3.15 निविदाकर्ता द्वारा सफाई व्यवस्था में संलग्न कर्मियों की योग्यता एवं सफाई कार्य की गुणवत्ता का समय–समय पर विभागीय समिति द्वारा निरीक्षण किया जा सकेगा तथा सफाई कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर धरोहर राशि से शास्ति काटकर निविदा को निरस्त किया जा सकता है।

3.16 निविदा की शर्तों का उल्लंघन अथवा संबंधित सफाईकर्मियों की कार्य पर से अनुपस्थिति अथवा कार्यालयीन समय पर अभद्र व्यवहार, सफाई व्यवस्था में लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा नशे की हालत में पाये जाने पर विश्वविद्यालय द्वारा सफाई ऐजेन्सी पर निम्नानुसार क्षतिपूर्ति की राशि वसूल की जा सकेगी।

| सं.क्रं. | विवरण | क्षतिपूर्ति की राशि प्रतिदिन, प्रति व्यक्ति |
|---|---|---|
| 01 | सफाईकर्मी यूनिफार्म में न होने पर | रू. 200=00 |
| 02 | सफाईकर्मी अनुपस्थित होने पर | रू. 500=00 |
| 03 | सफाईकर्मी के पास आई.कार्ड न होने पर | रू. 200=00 |
| 04 | सुपरवाईजर के पास मोबाईल फोन न होने पर | रू. 200=00 |
| 05 | अभद्र व्यवहार, सफाई व्यवस्था में लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा नशे की हालत में पाये जाने पर | रू. 1000=00 से रू. 10,000=00 तक |
| 06 | विश्वविद्यालय परिसर की सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने पर क्षतिपूर्ति | रू. 1000=00 से लेकर नुकसान हुई सम्पत्ति की वास्तविक राशि तक |
| 07 | संस्था द्वारा अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन या विश्वविद्यालय के निर्देशों का न मानने पर | रू. 10,000=00 या निविदा निरस्त करते हुए धरोहर राशि राजसात की |

| | | |
|---|---|---|
| | | जायेगी। |
| 08 | परिसर में चोरी में लिप्त पाये जाने पर | क्षति की वास्तविक राशि की क्षतिपूर्ति |

3.17 निविदा मान्य होने की स्थिति में निविदाकर्ता को दस कार्य दिवसों के अंदर विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ अनुबंध संपादित करना होगा। यह अनुबन्ध, कार्य आदेश तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिये प्रभावी होगा। सफाई ऐजेन्सी द्वारा दी जाने वाली सफाई व्यवस्था कार्यावधि के दौरान सन्तोषजनक पाये जाने पर कार्य अवधि आपसी सहमति से प्रतिवर्ष के मूल्यांकन के हिसाब से एक–एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा इसे अधिकतम 3 वर्षो तक ही बढ़ाया जा सकेगा।

3.18 निविदा निर्धारित तिथि एवं समय पर विश्वविद्यालय कार्यालय में खोली जावेगी। निविदा खोलते समय निविदाकर्ता स्वयं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं। इसके लिए पृथक से कोई सूचना आदि जारी नही की जाएगी।

3.19 बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पास किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को सकारण निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

3.20 यदि एक बार सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय द्वारा सफाई ठेके का प्रस्ताव दिया है एवं संबंधित निविदाकर्ता अपने निविदा निष्पादित करने में असफल होता है अथवा निविदा वापस लेना चाहता है तो ऐसी दशा में उनके द्वारा जमा की गई अमानत राशि विश्वविद्यालय द्वारा जब्त कर ली जायेगी। साथ ही उसे ब्लेक लिस्ट भी किया ज सकेगा।

3.21 ऐजेन्सी द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले सफाईकर्मी की आयु 60 वर्ष (कार्यावधि में) से अधिक नही होना चाहिए एवं उनका स्वास्थ्य संबंधी प्रमाण पत्र निविदा मान्य होने पर संलग्न करना अनिवार्य हैं। तत्पश्चात सफाईकर्मियों का प्रत्येक छः माह में ऐजेन्सी के व्यय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना होगा।

3.23 निविदाओं के साथ कोई शर्त मान्य नहीं होगी।

3.24 सफाईकर्मियों के इन्सुरेन्स की जिम्मेदारी सुरक्षा ऐजेन्सी की होगी। निविदाकारों द्वारा दी गई सर्विस चार्ज की दर समान होने पर समिति स्व विवेक से पैरामीटर / प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी का दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

3.25 सफाईकर्मियों द्वारा पहने जाने वाली यूनिफार्म, सेनीटाइजर, मास्क एवं दस्तानोंका प्रबन्ध निविदाकर्ता ऐजेन्सी को स्वयं के व्यय पर करना होगा।

3.26 सफाईकर्मियों को आवास, भोजन, परिवहन, सुरक्षा एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करना सफाई ऐजेन्सी का दायित्व होगा। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की यह जिम्मेदारी नही होगी। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय सफाईकर्मियों के साथ कोई हुई दुर्घटना अथवा नुकसान का जिम्मेदार नहीं होगा।

3.27 सभी सफाईकर्मियों का बॉयोडाटा नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ सफाई ऐजेन्सी अपने स्वयं के व्यय पर कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को सौंपेगी।

3.28 कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के मांगे जाने पर सफाई ऐजेन्सी अपने रिकार्ड जांच एवं सत्यापन के लिए प्रस्तुत करेगी।

3.29 सफाई ऐजेन्सी की जिम्मेदारी होगी कि वह सफाईकर्मियों का EPF, ESIC Contribution एवं अन्य सरचार्ज नियमानुसार जमा करेंगे एवं इनकी सत्यापित प्रति आगामी माह के बिल के साथ प्रस्तुत करेंगे। इसके अभाव में भुगतान की कार्यवाही नही की जावेगी।

3.30 सफाई एजेन्सी द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने पर सफाई ऐजेन्सी के विरूद्ध विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि राशि राजसात कर ली जावेगी।

3.31 निविदा स्वीकृत होने की स्थिति में एक वर्ष की कुल लागत की 5 प्रतिशत राशि के बराबर राशि की एफ.डी.आर./बैंक गारंटी विश्वविद्यालय में जमा करनी होगी। यह राशि सुरक्षा निधि राशि को मिलाकर होगी।

3.32 ऐजेन्सी द्वारा यह भी सुनिश्चत करना होगा कि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित समस्त महिला टायलेट की सफाई का कार्य महिला सफाईकर्मियों द्वारा ही किया जावे।

3.33 निविदाकर्ता फर्म को ड्यूटी पर तैनात सफाईकर्मियों के लिए आवश्यक राशि का दुर्घटना बीमा / समूह बीमा मान्यता प्राप्त बीमा कम्पनी से कराना अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार के दुर्घटना, क्लेम विश्वविद्यालय द्वारा देय नहीं होगा। इसका समस्त उत्तरदायित्व निविदाकर्ता फर्म का होगा।

3.34 निविदाकर्ता द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली सफाई सामग्री की गुणवत्ता की जांच विभागाध्यक्ष / विश्वविद्यालय यंत्री द्वारा की जावेगी। जो निविदाकर्ता को मान्य करनी होगी।



अधिकारी (...) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

3.35 कार्यालय एवं शैक्षणिक विभागों के सफाई का कार्य कार्यालय एवं शैक्षणिक विभागों के प्रारम्भ होने के पूर्व करना होगा।

3.36 भवनों एवं प्रसाधनों की सफाई का कार्य यांत्रिकी मशीनों से मेकेनाईज्ड क्लीनिंग द्वारा किया जाना आवश्यक है। इस हेतु निविदाकार को विश्वविद्यालय परिसर में न्यूनतम 02 हाई प्रेशर जेट मशीन, ड्राय एण्ड वेट वैक्यूम क्लीनर, 02 सिंगल डिस्क स्क्रबर मशीन लगाना अनिवार्य होगा। उक्त मशीनें निविदाकार के पास उपलब्ध है इस बाबत प्रमाण देना होगा।

3.37 सफाई ऐजेन्सी को प्रतिदिन अधिकारियों / अध्यापकों के कक्षों में प्रतिदिन रूम फ्रेशनर का छिड़काव करना होगा।

## भाग–4

<u>वित्तीय निविदा भरने के निर्देश</u>

4.1 <u>ऐजेन्सी द्वारा वित्तीय निविदा प्रपत्र–7 में उनके द्वारा सेवाएं प्रदान करने के लिए "सर्विस चार्ज को प्रतिशत (कुल कर रहित मासिक देय राशि का प्रतिशत) के रूप में अंकित करना होगा।सर्विस चार्ज कर रहित होना चाहिए।</u>

4.2 एजेन्सी द्वारा शून्य प्रतिशत (:) सेवा शुल्क उल्लेखित किए जाने पर निविदा अमान्य की जावेगी।

4.3 वित्तीय निविदा <u>प्रपत्र–7</u> में निविदाकार के द्वारा लिये जाने वाले सेवा शुल्क (:) के आधार पर तुलना करते हुए, न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाली एजेन्सी का चयन किया जायेगा। अतः एजेन्सी को यह सुनिश्चित करना होगा कि सेवा शुल्क में संचालन संबंधी अन्य समस्त प्रशासकीय, प्रबंधकीय व्यय इत्यादि सम्मिलित रहेंगे। साफ–सफाई कार्य हेतु लगने वाली सामग्री जैसे –मशीने, उपकरण तथा केमीकल्स यथा ऐसीड, झाडू, पोछा, फिनाईल, नेफ्थलीन बॉल, फ्लोर क्लीनर, टॉयलेट क्लीनर इत्यादि समस्त सामग्री पर होने वाले समस्त व्यय को वहन करना करनाहोगा तथा उपरोक्त पर होने वाले व्यय सेवा शुल्क में सम्मिलित होगा। इस बाबत पृथक से कोई राशि देय नहीं होगी।

4.4 निविदाकर्ता द्वारा इस प्रपत्र में दी जाने वाली वित्तीय दर कार्यालय कलेक्टर जिला–भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों हेतु प्रतिमाह दी जाने वाली मासिक दरों के आधार पर देनी होगी। चूंकि उपरोक्त दरें समय – समय पर पुनरीक्षित की जाती है। अतः अनुबन्ध की अवधि में किसी भी समय देय दरें कार्यालय कलेक्टर जिला–भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा मान्य दरों को ही आधार माना जावेगा।

4.5 इस वित्तीय प्रपत्र में निविदाकर्ता को सर्विस चार्ज सफाईकर्मी (अकुशल/अर्द्धकुशल श्रेणी) एवं सुपरवाईजर (कुशल श्रेणी) को मिलने वाले उस माह के कलेक्टर दर के हिसाब से भुगतान



अनुभाग अधिकारी (प्रशा.)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

की जाने वाली कुल राशि तथा वीकली रेस्ट के आधार पर भुगतान की जाने वाली कुल राशि के योग में ई.पी.एफ., ई.एस.आई.सी., सफाई सामग्री आदि के व्यय को मिलाकर आने वाली कुल राशि पर सर्विस चार्ज के प्रतिशत को अंकित करना होगा। यानि सर्विस चार्ज प्रतिशत में अंकित करना होगा। निविदाकर्ता द्वारा शून्य सेवा शुल्क उल्लेखित किए जाने पर निविदा अमान्य की जावेगी। सफाईकर्मी एवं सुपरवाईजर का सर्विस चार्ज की दर एक ही होना चाहिए।

4.6 कर की दर प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि तत्समय लागू दरों के अनुसार भुगतान किया जावेगा।

4.7 कलेक्टर द्वारा समय–समय पर सफाईकर्मी (अकुशल/अर्द्धकुशल श्रेणी) एवं सुपरवाईजर (कुशल श्रेणी) की निर्धारित दरों के हिसाब से भुगतान किया जावेगा।

4.8 सफाई एजेन्सी को अपशिष्ट की व्यवस्था स्वयं करना होगी जिसमें वाहन से निर्धारित स्थान पर लेजाना व उसका उचित प्रबंधन शामिल होगा।

<u>प्रपत्र–1</u>

निविदाकर्ता फर्म के पास वर्तमान में कार्यरत सफाईकर्मी एवं सुपरवाईजर आदि की जानकारी

निविदाकर्ता फर्म का नाम:---------------------------------------------

पता:------------------------------------------------------------

| सं.क्र. | सफाईकर्मी का पदनाम | संख्या | कुल वेतन मासिक वेतन |
|---|---|---|---|
| 01 | सफाईकर्मी | | |
| 02 | सुपरवाईजर | | |

फर्म की अधिकृत हस्ताक्षर सील सहित



अनुभाग अधिकारी ... विश्वविद्यालय

प्रपत्र–2

निविदाकर्ता फर्म की जानकारी तथा घोषणा पत्र

| सं.क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | निविदाकर्ता फर्म का नाम | |
| 02 | कार्यालयीन पता | |
| 03 | श्रम विभाग का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक तथा पत्र की प्रति संलग्न करें। | |
| 04 | जी.एस.टी., पेन कार्ड, ई.पी.एफ., ई.एस.आई. का पंजीयन नम्बर एवं पत्र की प्रति संलग्न करें। | |
| 05 | म0प्र0 स्थापना पंजीयन अधिनियम 1958 अथवा कम्पनी अधिनियम 1956 का पंजीयन नम्बर एवं प्रति संलग्न करें | |
| 06 | पुलिस अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें | |
| 07 | दूरभाष नम्बर | |
| 08 | मोबाईल नम्बर | |
| 09 | ई–मेल आई.डी. | |

## घोषणा पत्र

मेरे /हमारी संस्था द्वारा निविदा में दिए गए सभी नियम / शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया गया है एवं निविदा की शर्तो के अधीन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में साफ–सफाईएवं अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य करने हेतु अपनी सहमति प्रदान करते हैं।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर सील सहित



अ... अधिकारी (...)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

प्रपत्र–3

**शपथ पत्र**

**(रू. 1000=00 के गैर न्यायिक मुद्रांक / नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पर नोटराइज्ड प्रस्तुत करें)**

मैं------------------------पुत्र/पुत्री-----------------------------उम्र-----

पता--------------------------------------------------------------------------------

शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता/ करती हूं कि:-

(1) मैं निविदाकर्ता संस्था-------------------------(फर्म/कम्पनी/समिति का नाम) का ----------------------------------------(एकल स्वामी / साझेदार / हूँ तथा यह एजेन्सी वर्तमान में वैधानिक रूप से पंजीकृत (पंजीकरण क्रमांक एवं दिनांक:------------------------------) है। जिसके पंजीकृत कार्यालय का पता----------------------------------------------------------------------है। मैं यह शपथ पत्र प्रस्तुत करने के लिए अधिकृत हूँ।

(2) मैने निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूप से पढ़ एवं समझ लिया है तथा उसमें वर्णित समस्त शर्ते मुझे तथा मेरी ऐजेन्सी को मान्य हैं।

(3) निविदा में वर्णित सभी कार्यो को सम्पादित करने के लिए मेरे / मेरी संस्था के पास समस्त आवश्यक वैधानिक अनुज्ञप्तियां, पंजीकरण तथा स्वीकृतियां प्राप्त हैं।

(5) ऐजेन्सी में कार्यरत व्यक्ति ई.पी.एफ. में पंजीकृत हैं, ई.पी.एफ. अंशदान एवं जी.एस.टी. का नियमित भुगतान किया जाता है।

(6) ऐजेन्सी का पास पुलिस का नो आब्जेक्शन प्रमाण पत्र पात्र है।

(7) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था / उपक्रम से कभी भी ब्लैकलिस्टेड नही किया गया हैं।

(8) यह कि ऐजेन्सी पर कोई आपराधिक प्रकरण लंबित नहीं है न ही कभी किसी सक्षम न्यायालय द्वारा दण्डित नहीं किया गया है।

(9) यह कि एजेन्सी पर किसी शासकीय संस्था/उपक्रम का बकाया कर शेष नहीं है।

(10) मेरे / मेरी एजेन्सी द्वारा निविदा प्रपत्र एवं शपथ पत्र में दी गई सभी जानकारियॉं पूर्णतः सत्य एवं प्रमाणित है किसी भी जानकारी के भ्रामक/असत्य पाये जाने पर मेरे / हमारे द्वारा प्रस्तुत निविदा निरस्त कियाजाना मान्य होगा तथा हमारे द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा जप्त किया जाना मुझे/हमारी संस्था को मान्य होगा।

स्थान :-----------------  शपथग्रहीता

दिनांक:-----------------

नाम:-------------------

पता:-------------------

1. गवाह का नाम एवं पता:-------------

2. गवाह का नाम एवं पता:-------------



अनुभाग अधिकारी (क्रय शाखा) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**प्रपत्र–4**

सफाई व्यवस्था के क्षेत्र में पिछले तीन वित्त वर्षों (2019–20, 2018–19, 2017–18) में अनुभव की जानकारी :–

निविदाकर्ता फर्म का नामः———————————————

पताः———————————————

———————————————

| सं. क्र. | वर्ष | संस्था का नाम जहाँ सफाई व्यवस्था संबंधी कार्य किया है। | अवधि | | कुल अवधि वर्ष एवं माह | सफाईकर्मियों की संख्या | वार्षिक देयक राशि | संलग्न पृष्ठ क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | | | | |
| 01 | 2019–20 | | | | | | | |
| 02 | 2018–19 | | | | | | | |
| 03 | 2017–18 | | | | | | | |

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

प्रपत्र–5

**अंकेक्षित लेखों का सारांश**

**(रू. 1000-00 के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पर प्रस्तुत करें)**

प्रमाणित किया जाता है कि मेसर्स-----------------------------------------------

पता-------------------------------------------------------------------

के विगत तीन वर्षो के अंकेक्षित लेखों एवं आयकर विभाग को प्रस्तुत आयकर विवरणियों की जांच मेरे द्वारा की गई। अंकेक्षित लेखों के अनुसार निविदाकार का आवर्त (टर्न ओवर) इस प्रकार है:-

| क्रमांक | वर्ष | राशि (शब्दों में) | राशि (अंको में) |
|---|---|---|---|
| 01 | 2019–20 | | |
| 02 | 2018–19 | | |
| 03 | 2017–18 | | |

**टीपः– शब्दों एवं अंकों में राशि का अंतर होने पर शब्दों की राशि को प्रमाणिक माना जाएगा।**

उपर्युक्त आवर्त की गणनाएं मेरे द्वारा स्वयं जांची गई हैं। जिसे प्रशासन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की निविदा शर्तो के अनुसार वांछित शर्त के रूप में प्रमाणित करा हूं।

स्थानः---------------- चार्टेड लेखाकार का नामः-------------

दिनांकः--------------- फर्म का पदमुद्राः-----------------

शपथग्राहिता

सहायक अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

प्रपत्र–6

**घोषणा पत्र**

**(श्रम कानून के अंतर्गत न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने के संबंध में)**

मैं-------------------आत्मज--------------------सफाई कार्य के लिए बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में निविदाकार हूं। मैं यह घोषित करता हूं कि हमारी संस्था द्वारा यदि बरतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में कार्य किया जाएगा तो हमारी संस्था द्वारा सभी श्रम कानूनों का पालन करते हुए निर्धारित अन्य विधिक प्रावधानों के अनुरूप सुविधाएं अपने कर्मचारियों को प्रदानकी जाएगी इसके संबंध में किसी भी प्रकार के कानून / नियम / विधिक प्रावधान का उल्लंघन होने पर हमारी संस्था ही उसके लिए जिम्मेदार होगी।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

स्थानः---------------

दिनांकः-------------

नामः-------------------

पताः------------------

प्रपत्र–7

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## विश्वविद्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था हेतु वित्तीय निविदा प्रपत्र

| | |
|---|---|
| निविदाकर्ता संस्थान का नाम | |

| क्रं. | विवरण | संस्था द्वारा लिए जाने वाले सर्विस चार्ज की दर अंको में एवं शब्दों में (प्रतिशत में) |
|---|---|---|
| 01 | सभी सफाईकर्मियों एवं सुपरवाईजर के कलेक्टर द्वारा निर्धारित मासिक भुगतान की दर एवं वीकली रेस्ट की गणना के हिसाब से भुगतान की जाने वाली कुल राशि के आधार पर फर्म द्वारा लिया जाने वाले सर्विस चार्ज की दर | |